**प्रेस.विज्ञप्ति** **दिनांक 17.07.2026**

# स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई
## मीडिया से सीधा संवाद भिलाई निगम आयुक्त सुरूचि सिंह

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह ने शुक्रवार को निगम सभागार में शहर के प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परिचय एवं सीधा संवाद स्थापित करते हुए निगम की कार्यप्रणाली विकास योजनाओं और आगामी प्राथमिकताओं पर जानकारी साझा की। इस अवसर पर आयोजित संवाद में 50 से अधिक मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा शहर के विकास मूलभूत सुविधाओं एवं नागरिक समस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न रखे। आयुक्त ने सभी प्रश्नों का सरलए स्पष्ट और तथ्यपरक उत्तर देते हुए निगम की भावी कार्ययोजना से मीडिया को अवगत कराया।

आयुक्त ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए पेयजलए स्वच्छताए सड़क जलनिकासी एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान जहां.जहां जलभराव की स्थिति बन रही है वहां तत्काल प्रभाव से सुधारात्मक कार्य किए जाएंगे ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यों को गति दी जाएगी। विशेष रूप से बीएसपी क्षेत्र की सफाई व्यवस्थाए औद्योगिक क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में सुधार तथा अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बीएसपी प्रबंधन से नियमित चर्चा की जाएगी।

आयुक्त ने कहा कि निगम कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 से 12 जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनके त्वरित निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित फाइलों की समीक्षा कर विलंब के कारणों का पता लगाया जाएगा तथा सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। साथ ही निगम की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए ई.ऑफिस प्रणाली को 100 प्रतिशत लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राजस्व वृद्धि के संबंध में उन्होंने कहा कि निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए करों की समयबद्ध वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही निगम की दुकानों की पारदर्शी नीलामी कर आय में वृद्धि के प्रयास किए जाएंगे। स्वच्छता के विषय में उन्होंने बताया कि मिशन क्लीन सिटी में भिलाई को शामिल कराने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं जिससे शासन से स्वच्छता कार्यों के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नवीन पानी टंकियों के निर्माण की योजना पर भी कार्य किया जाएगा ताकि शहरवासियों को पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा शहीद पार्क सेक्टर.5 के बेहतर संचालन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं को गति देने तथा संजय नगर तालाब के सौंदर्यीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को भी प्राथमिकता में रखा गया है।

आयुक्त ने यह भी बताया कि शहर के प्रमुख मॉलों में पार्किंग शुल्क से संबंधित विषय पर आवश्यक चर्चा कर व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने की दिशा में पहल की जाएगी। संवाद के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने शहर के विकास, जलभराव, स्वच्छता, पेयजल कर वसूली, पार्किंग, बीएसपी क्षेत्र की समस्याओं सहित विभिन्न जनहित के विषयों पर प्रश्न पूछे। आयुक्त ने सभी प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर देते हुए भरोसा दिलाया कि नगर निगम पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता के साथ शहर के समग्र

विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संवाद के माध्यम से निगम और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा नागरिकों तक विकास कार्यों की सही जानकारी पहुंचाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

संलग्न.फोटो जनसम्पर्क अधिकारी

